**Series &RQPS/S**

**Set-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **63/S**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# मनोविज्ञान (सैद्धान्तिक)
# PSYCHOLOGY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **19** printed pages. |
| (II) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं । | (II) | Please check that this question paper contains **34** questions. |
| (III) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (III) | Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* *जिन प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं, उन्हें छोड़कर* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड क*** *: प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***15*** *में प्रत्येक के लिए* ***1*** *अंक निर्धारित है । आपसे निर्देशानुसार उत्तर देने की अपेक्षा की जाती है ।*

*(iii)* ***खण्ड ख*** *: प्रश्न संख्या* ***16*** *से* ***21*** *तक अति लघु-उत्तरीय प्रकार-I प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए* ***2*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***30*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ग*** *: प्रश्न संख्या* ***22*** *से* ***24*** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार-II प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए* ***3*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***60*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड घ*** *: प्रश्न संख्या* ***25*** *से* ***28*** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-I प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए* ***4*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***120*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड ङ*** *: प्रश्न संख्या* ***29*** *और* ***30*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार-II प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए* ***6*** *अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***200*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vii)* ***खण्ड च*** *: प्रश्न संख्या* ***31*** *से* ***34 दो*** *व्यक्ति अध्ययनों पर आधारित प्रश्न हैं । इन पर आधारित* ***1*** *अंक वाले प्रश्नों की उत्तर सीमा* ***20*** *शब्दों और* ***2*** *अंक वाले प्रश्नों की उत्तर सीमा* ***30*** *शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए ।*

## खण्ड क

**1.** राघव को शिक्षिका ने एक परीक्षा के बारे में बताया, जिसे वह आयोजित करने की योजना बना रही थी। यह उसे अध्यायों की विषय-वस्तु को पढ़ने, सीखने तथा दोहराने के लिए अभिप्रेरित करता है। इसका कारण है ____________ । *1*

(A) भाव प्रबोधन/अवधान (B) कूट संकेतन

(C) सहकालिक प्रक्रमण (D) आनुक्रमिक प्रक्रमण

**2.** नीरजा की मानसिक आयु 14 वर्ष है और उसकी बुद्धि लब्धि 110 है। उसकी कालानुक्रमिक आयु कितनी है ? *1*

(A) लगभग 9·7 वर्ष (B) लगभग 10·7 वर्ष

(C) लगभग 11·7 वर्ष (D) लगभग 12·7 वर्ष

**3.** एक परीक्षा में खराब प्रदर्शन के बाद मोही ने एक नया पेन सेट खरीदा। वह दावा करती है कि नए पेन के साथ वह बेहतर प्रदर्शन करेगी। वह खराब प्रदर्शन के कारण होने वाली व्याग्रता को कम करने के लिए ______________ का उपयोग कर रही है। *1*

(A) अस्वीकरण (B) प्रतिक्रिया निर्माण

(C) प्रक्षेपण (D) युक्तिकरण

***General Instructions :***

*(i)* ***All** questions are **compulsory**, except where internal choice has been given.*

*(ii)* *Question No. **1 – 15** in **Section A** carry **1** mark each. You are expected to answer them as directed.*

*(iii)* *Question No. **16 – 21** in **Section B** are Very Short Answer Type-I Questions carrying **2** marks each. Answer to each question should not exceed **30** words.*

*(iv)* *Question No. **22 – 24** in **Section C** are Short Answer Type-II Questions carrying **3** marks each. Answer to each question should not exceed **60** words.*

*(v)* *Question No. **25 – 28** in **Section D** are Long Answer Type-I Questions carrying **4** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*

*(vi)* *Question No. **29** and **30** in **Section E** are Long Answer Type-II Questions carrying **6** marks each. Answer to each question should not exceed **200** words.*

*(vii)* *Question No. **31 – 34** in **Section F** are based on **two** case studies given. Answer to each **1** mark question should not exceed **20** words. Answer to each **2** marks question should not exceed **30** words.*

## SECTION A

**1.** Raghav was told by the teacher about a test which she plans to hold. This forces him to focus on reading, learning and revising the contents of the chapters. This is because of ___________. *1*

(A) Arousal/Attention (B) Coding

(C) Simultaneous processing (D) Successive processing

**2.** Nirja has a mental age of 14 years with an Intelligence Quotient (IQ) of 110. What is her chronological age ? *1*

(A) 9·7 years approximately (B) 10·7 years approximately

(C) 11·7 years approximately (D) 12·7 years approximately

**3.** Mohi buys a set of new pens after doing poorly in an examination. She asserts that she will do much better with the new pens. She is using ___________ to reduce anxiety caused due to poor performance. *1*

(A) Denial (B) Reaction formation

(C) Projection (D) Rationalisation

4. निम्नलिखित प्रश्न में एक अभिकथन (A) के बाद एक तर्क (R) का कथन दिया गया है। कथनों को पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कीजिए। *1*

*अभिकथन (A) :* व्यक्तित्व केवल आनुवंशिक कारकों द्वारा निर्धारित होता है।

*तर्क (R) :* यद्यपि आनुवंशिक कारक व्यक्तित्व विशेषकों के विकास में योगदान करते हैं, पारिस्थितिक और सांस्कृतिक पर्यावरण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु तर्क (R) सही है।

5. मीना अपने मित्र से फ़ोन पर बात करके कार्यालय में अपना काम पूर्ण करने की गंभीरता को नकारती है। वह निम्नलिखित में से किस युक्ति का उपयोग कर रही है ? *1*

(A) कृत्य-अभिविन्यस्त युक्ति
(B) संवेग-अभिविन्यस्त युक्ति
(C) परिहार-अभिविन्यस्त युक्ति
(D) समस्या-केन्द्रित युक्ति

6. अब्दुल अनुचित ईर्ष्या और नाराज़गीयुक्त व्यवहार से दूर रहता है। वह सामने वाले की बात को धैर्यपूर्वक सुनता है। यह _________ की कुंजी है। *1*

(A) आग्रहिता
(B) संबंधों में सुधार
(C) स्वयं की देखभाल
(D) असहायक आदतों पर विजयी होना

7. अमरीकी मनोरोग संघ ___________ नामक एक आधिकारिक पुस्तिका प्रकाशित करता है। यह पुस्तिका मनोवैज्ञानिक विकारों का वर्णन तथा वर्गीकरण करती है। *1*

(A) डायग्नोस्टिक एंड स्टैटिस्टिकल मैन्यूस्क्रिपट – V

(B) डायग्नोस्टिक एंड स्टैटिस्टिकल मैनुअल ऑफ़ मेंटल डिसऑर्डर्स – V

(C) बीमारियों का अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण – 11

(D) विकारों का अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण – 11

4. In the following question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Read the statements and choose the appropriate option. *1*

*Assertion (A) :* Personality is solely determined by genetic factors.

*Reason (R) :* While genetic factors contribute to the development of personality traits, the ecological and cultural environment also plays a crucial role.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

5. Meena denies the seriousness of completing her work in the office by talking to her friend on the phone. Which of the following strategy is she using ? *1*

(A) Task-oriented strategy (B) Emotion-oriented strategy

(C) Avoidance-oriented strategy (D) Problem-focused strategy

6. Abdul avoids misplaced jealousy and sulking behaviour. He listens to what the other person is saying very patiently. This is the key to ____________ . *1*

(A) Assertiveness

(B) Improving relationships

(C) Self-care

(D) Overcoming unhelpful habits

7. The American Psychiatric Association publishes an official manual called ____________. This manual describes and classifies psychological disorders. *1*

(A) Diagnostic Statistical Manuscript-V

(B) Diagnostic and Statistical Manual of Mental Disorders-V

(C) International Classification of Diseases-11

(D) International Classification of Disorders-11

8. भूकंप से हुए नुकसान को देखने के बाद नमिता अतीतावलोकन, एकाग्रता में कमी और सांवेगिक शून्यता का शिकार हो गई। उसे ______________ होने की सर्वाधिक संभावना है। *1*

(A) अभिघातज उत्तर दबाव विकार (B) दुश्चिंता विकार

(C) कायिक अभिलक्षण विकार (D) विच्छेदी स्मृतिलोप

9. निम्नलिखित प्रश्न में एक अभिकथन (A) के बाद एक तर्क (R) का कथन दिया गया है। कथनों को पढ़िए और उचित विकल्प का चयन कीजिए। *1*

*अभिकथन (A) :* जब कोई विद्युत आवेग तंत्रिका-कोशिका के अंतिम छोर तक पहुँचता है तब अक्षतंतु उद्दीप्त होकर कुछ रसायन प्रवाहित करते हैं, जिसे तंत्रिकासंचारक कहते हैं।

*तर्क (R) :* अध्ययन यह बताते हैं कि किसी विशेष तंत्रिकासंचारक की अपसामान्य क्रियाएँ अनुकूली व्यवहार को जन्म दे सकती हैं।

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) ग़लत है।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु तर्क (R) सही है।

10. सबीना इस सवाल में उलझी रहती है कि वह इस दुनिया में क्यों है। वह अक्सर जीवन के अर्थ और उद्देश्य संबंधी प्रश्नों से घिरी रहती है। शायद वह ____________ का अनुभव कर रही है। *1*

(A) अस्तित्वपरक दुश्चिंता

(B) दबाव

(C) अचेतन दुश्चिंता

(D) अंत: मनोद्वंद्व

**8.** Namita had flashbacks, impaired concentration, and emotional numbing after she witnessed the damage caused by the earthquake. She is most likely to be experiencing ____________ . *1*

(A) Post-traumatic stress disorder (B) Anxiety disorder

(C) Somatic symptom disorder (D) Dissociative amnesia

**9.** In the following question, a statement of Assertion (A) is followed by a statement of Reason (R). Read the statements and choose the appropriate option. *1*

*Assertion (A) :* When an electrical impulse reaches a neuron's ending, the nerve ending is stimulated to release a chemical called a neurotransmitter.

*Reason (R) :* Studies indicate that abnormal activity by certain neurotransmitters can lead to adaptive behaviour.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**10.** Sabina seems to be preoccupied with the question of why she is in this world here. She is often plagued with questions about the meaning and purpose of life. Thus, she may be experiencing ___________ . *1*

(A) Existential anxiety

(B) Stress

(C) Unconscious anxiety

(D) Intrapsychic conflict

**11.** 'दुर्भीति या अविवेकी भय के उपचार के लिए वोल्प द्वारा प्रतिपादित क्रमिक विसंवेदनीकरण एक तकनीक है।' *1*

उपर्युक्त चिकित्सा के संदर्भ में निम्नलिखित को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) सेवार्थी के साथ-साथ चिकित्सक दुश्चिंता उत्पन्न करने वाले उद्दीपकों का एक पदानुक्रम तैयार करता है और सबसे कम दुश्चिंता उत्पन्न करने वाले उद्दीपकों को पदानुक्रम में सबसे नीचे रखता है।

(ii) सेवार्थी का साक्षात्कार भय उत्पन्न करने वाली स्थितियों को जानने के लिए किया जाता है।

(iii) कई सत्रों के पश्चात सेवार्थी विश्रांति की अवस्था बनाए रखते हुए तीव्र भय उत्पन्न करने वाली स्थितियों के बारे में सोचने में समर्थ हो जाता है।

(iv) चिकित्सक सेवार्थी को विश्रांत करता है और सबसे कम दुश्चिंता उत्पन्न करने वाली स्थिति के बारे में सोचने को कहता है।

(A) (i) – (iv) – (iii) – (ii)

(B) (iii) – (iv) – (i) – (ii)

(C) (iv) – (i) – (ii) – (iii)

(D) (ii) – (i) – (iv) – (iii)

**12.** चिकित्सात्मक उपागम के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य ***नहीं*** है ? *1*

(i) चिकित्सात्मक उपागम सुधारात्मक और सहायक प्रकृति के होते हैं।

(ii) चिकित्सात्मक उपागम में चिकित्सक और सेवार्थी के बीच पारस्परिक संबंध शामिल नहीं होता है।

(iii) कुछ चिकित्सात्मक उपागम जैसे सेवार्थी-केंद्रित चिकित्सा प्रकृति में निर्देशात्मक हैं।

(iv) कुछ चिकित्सात्मक उपागम जैसे मानवतावादी-अस्तित्वपरक चिकित्सा निर्देशात्मक नहीं हैं।

(A) (i) और (ii)

(B) (ii) और (iii)

(C) (i) और (iii)

(D) (ii) और (iv)

**11.** 'Systematic desensitisation is a technique introduced by Wolpe for treating phobias or irrational fears.' *1*

Referring to the above therapy, arrange the following in the correct sequence :

(i) Together with the client, the therapist prepares a hierarchy of anxiety-provoking stimuli with the least anxiety-provoking stimuli at the bottom of the hierarchy.

(ii) The client is interviewed to elicit fear-provoking situations.

(iii) Over sessions, the client is able to imagine more severe fear-provoking situations while maintaining the relaxation.

(iv) The therapist relaxes the client and asks the client to think about the least anxiety-provoking situation.

(A) (i) – (iv) – (iii) – (ii)
(B) (iii) – (iv) – (i) – (ii)
(C) (iv) – (i) – (ii) – (iii)
(D) (ii) – (i) – (iv) – (iii)

**12.** Which of the following are ***not*** true about therapeutic approaches ? *1*

(i) Therapeutic approaches are corrective and helping in nature.

(ii) Therapeutic approaches do not involve an interpersonal relationship between the therapist and the client.

(iii) Some therapeutic approaches such as client-centred therapy are directive in nature.

(iv) Some therapeutic approaches are non-directive such as humanistic-existential therapy.

(A) (i) and (ii)

(B) (ii) and (iii)

(C) (i) and (iii)

(D) (ii) and (iv)

13. जब हम यह जानने में रुचि रखते हैं कि लोग किसी विशेष प्रकार से ही व्यवहार क्यों करते हैं तो इसके आधार पर हम विशिष्ट सामाजिक परिस्थितियों में दर्शाए गए व्यवहार के कारणों को भी बताते हैं। इस प्रक्रिया को ____________ कहा जाता है। *1*

(A) छवि निर्माण (B) गुणारोपण

(C) सामाजिक संज्ञान (D) सामाजिक अवरोध

14. विकास महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति किसी सीमा तक सकारात्मक अभिवृत्ति रखता है। जब उसने कल्पना चावला की उपलब्धियों के बारे में पढ़ा, तो उसकी अभिवृत्ति और अधिक सकारात्मक हो गई। यह एक ____________ परिवर्तन होगा। *1*

(A) चरम (B) सरल

(C) सर्वसम (D) विसंगत

15. अखिल ने अपने कर्मचारी को घूस लेते हुए पकड़ लिया। अखिल के स्टाफ ने उसके उस कर्मचारी की सेवाएँ समाप्त करने के निर्णय का समर्थन किया। ________________ के कारण यह चरम कार्यवाही की जा सकी। *1*

(A) समूह ध्रुवीकरण (B) विप्लवन

(C) सामाजिक स्वैराचार (D) सामाजिक सुकरीकरण

## खण्ड ख

16. तृप्ति एक मनोवैज्ञानिक है। वह एक परीक्षा का आयोजन करती है जिसमें परीक्षार्थी को कोई कार्य संपादित करने के लिए कुछ वस्तुओं या अन्य सामग्रियों का प्रहस्तन करना होता है। इस बुद्धि परीक्षण के प्रकार का नाम व महत्त्व बताइए। *2*

17. डेनियल अक्सर स्वयं को तात्कालिक सुख-प्राप्ति और सामाजिक नियमों का पालन करने के बीच फँसा हुआ महसूस करता है। स्पष्ट कीजिए कि मनोगतिक सिद्धांत उसके द्वंद्व को कैसे व्याख्यायित करता है। *2*

**13.** When we are interested in why people behave in the ways they do, we also assign causes to the behaviour shown in specific social situations. This process is called __________ . *1*

(A) Impression formation (B) Attribution

(C) Social cognition (D) Social inhibition

**14.** Vikas has a somewhat positive attitude towards empowerment of women. When he read about Kalpana Chawla's achievements, his attitude became more positive. This would be a/an ______________ change. *1*

(A) Extreme (B) Simple

(C) Congruent (D) Incongruent

**15.** Akhil caught his employee taking bribes. Akhil's staff supported his decision to terminate the services of his employee. This extreme action could be taken because of __________ . *1*

(A) Group polarisation (B) Storming

(C) Social loafing (D) Social facilitation

## SECTION B

**16.** Tripti is a psychologist. She administers a test that requires the subject to manipulate objects and other materials to perform a task. Name the type of intelligence test and state its importance. *2*

**17.** Daniel often feels torn between seeking immediate pleasure and adhering to societal rules. How does the psychodynamic theory explain his conflict ? Explain. *2*

**18.** ज़िकरा को अपनी शरीर प्रतिमा के बारे में गलत धारणा है जिसके कारण वह अपने को अधिक वज़न वाला समझती है। इस विचार का क्या नकारात्मक प्रभाव हो सकता है ? *2*

**19.** (क) क्या कोई किसी अन्य की दुर्दशा समझकर चिकित्सात्मक संबंध को समृद्ध बनाकर इसे एक स्वास्थ्यकर संबंध में परिवर्तित कर सकता है ? यदि हाँ या नहीं, तो स्पष्ट कीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) क्या व्यवहारपरक और मनोगतिक चिकित्सक मनोवैज्ञानिक समस्याओं का एक जैसा कारण मानते हैं ? अपने उत्तर के कारण बताइए। *2*

**20.** नितिन अपने विद्यालय में वार्षिक दिवस की योजना बनाने के लिए एक समिति का गठन करता है। वह इस बात पर नज़र रखता है कि हर कोई कैसे आगे बढ़ता है। प्रत्येक व्यक्ति को सभी योजनाएँ बनाने की पूर्ण स्वायत्तता है। समिति के सदस्य कार्य करते समय एक-दूसरे का प्रेक्षण भी करते हैं। उन विभिन्न चरणों को बताइए जिनके सामने आने की संभावना है। *2*

**21.** समूह द्वारा प्रतिमान या मानक क्यों स्थापित किए जाते हैं ? व्याख्या कीजिए। *2*

## खण्ड ग

**22.** 'जे.पी. गिलफोर्ड का बुद्धि-संरचना मॉडल बुद्धि को समझने के लिए मनोमितिक उपागम का प्रतिनिधित्व करता है।' क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? इसका कारण और उनके सिद्धांत की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। *3*

**23.** (क) पुनीत अपने सेवार्थी के करियर मार्गदर्शन के लिए आत्म-प्रतिवेदन माप का उपयोग कर रहा है। उसके द्वारा जिस आत्म-प्रतिवेदन माप का उपयोग किए जाने की सर्वाधिक संभावना है, उसकी व्याख्या कीजिए। आत्म-प्रतिवेदन मापों की कोई दो सीमाएँ बताइए। *3*

**अथवा**

(ख) कायना को सांसारिक वस्तुओं से कोई लगाव नहीं है क्योंकि वह बहुत आत्म-नियंत्रण रख सकती है। आत्म-नियंत्रण की कौन-सी मनोवैज्ञानिक तकनीकों से उसे मदद मिल सकती है ? *3*

**24.** मनोवैज्ञानिक प्रकार्य पर पड़ने वाले दबाव के किन्हीं तीन प्रमुख प्रभावों की व्याख्या कीजिए। *3*

**18.** Zikra has a distorted body image that leads her to see herself as overweight. What can be the negative after-effect of this thought ? *2*

**19.** (a) Can one transform the therapeutic relationship into a healing relationship by understanding the plight of others ? If yes or no, explain. *2*

**OR**

(b) Do behavioural and psychodynamic therapists view the cause of psychological problems as being the same ? Give reasons for your answer. *2*

**20.** Nitin forms a committee to plan for the annual day in his school. He observes how everyone goes ahead. Everyone has full autonomy to do all the planning. Members of the committee also observe each other as they function. State the stages that you feel are likely to emerge. *2*

**21.** Why are norms established by a group ? Explain. *2*

## SECTION C

**22.** 'J.P. Guilford's structure-of-intellect model is a representation of a psychometric approach to understand intelligence.' Do you agree with this statement ? State the reasons for the same and the characteristics of his theory. *3*

**23.** (a) Punit is administering a self-report measure to his client for career guidance. Explain the self-report measure he is most likely to use. State any two limitations of the self-report measures. *3*

**OR**

(b) Kyna is not attached with the worldly things as she can exercise a lot of self-control. What are the psychological techniques of self-control that may have helped her ? *3*

**24.** Explain any three major effects of stress on psychological functioning. *3*

## खण्ड घ

**25.** पदयात्रा के दौरान मुकेश का सामना एक साँप से होता है। सामान्य अनुकूलन संलक्षण के अनुसार उसकी शारीरिक अनुक्रिया का स्वरूप क्या है ? सेल्ये के सिद्धांत की एक आलोचना बताइए। *4*

**26.** (क) मानसिक विकारों को समझने में व्यवहारात्मक मॉडल कैसे सहायता करता है ? स्पष्ट कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) क्या आपको लगता है कि बिना किसी जैविक कारण के भी शारीरिक लक्षणों की शिकायतें और चिंताएँ हो सकती हैं ? इससे जुड़ी स्थितियाँ या दशाएँ और लक्षण क्या हैं ? *4*

**27.** विहान अपने सेवार्थी की चिकित्सा कर रहा है। मनश्चिकित्सा करते समय उसे किन नैतिक सिद्धांतों का ध्यान रखना होगा ? चर्चा कीजिए। *4*

**28.** पूर्वाग्रह और भेदभाव के बीच संबंध का वर्णन कीजिए। *4*

## खण्ड ङ

**29.** (क) हावर्ड गार्डनर द्वारा पहचान किए गए बहु-बुद्धि के सिद्धांत को उदाहरणों सहित संक्षेप में स्पष्ट कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) बुद्धि के संप्रत्ययीकरण में सांस्कृतिक भिन्नताओं पर चर्चा कीजिए। *6*

**30.** (क) किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व को समझने के लिए मानवतावादी उपागम को स्पष्ट कीजिए। *6*

**अथवा**

(ख) फ्रायड ने व्यक्तित्व की संरचना की व्याख्या कैसे की है ? उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से समझाइए। *6*

## SECTION D

**25.** Mukesh encounters a snake while on a hike. Referring to the General Adaptation Syndrome (GAS), what is the pattern of his bodily response ? State one criticism of Selye's theory. *4*

**26.** (a) How does the behavioural model help us in understanding mental disorders ? Explain. *4*

**OR**

(b) Do you think that complaints and worries of physical symptoms may occur without any biological cause ? What are the symptoms related to this and its related conditions ? *4*

**27.** Vihan is treating his client. What are the ethical standards that he has to keep in mind when he is administering psychotherapy ? Discuss. *4*

**28.** Describe the relationship between prejudice and discrimination. *4*

## SECTION E

**29.** (a) Explain briefly the multiple intelligences identified by Howard Gardner with the help of examples. *6*

**OR**

(b) Discuss the cultural differences in the conceptualisation of intelligence. *6*

**30.** (a) Explain the humanistic approach to understand the personality of an individual. *6*

**OR**

(b) How does Freud explain the structure of personality ? Explain with the help of suitable examples. *6*

## खण्ड च

## व्यक्ति अध्ययन-1

*निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों **(प्र. 31 व 32)** के उत्तर दीजिए :*

वैशाली को एक उन्माद प्रकरण के दौरान अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जब वह कॉलेज में थी तब कई महीनों तक वह अवसाद के लिए मनश्चिकित्सा लेती रही थी। उसे एक स्थानीय समाचार-पत्र के विज्ञापन कार्यालय में नौकरी मिल गई, जहाँ वह एक साल से काम कर रही थी। वैशाली के उन्माद प्रकरण का पता उसके अस्पताल में भर्ती होने से तीन या चार महीने पहले शुरू हुए अनुभवों से लगाया जा सकता है। वह कई सप्ताह से असामान्य रूप से अच्छा महसूस कर रही थी। पहले तो उसे कुछ भी ग़लत नहीं लगा। वास्तव में उसकी धारणा इसके विपरीत थी। नौकरी के अलावा सब कुछ उसके लिए सही चल रहा था। उसने अपने कार्य से सारा ध्यान खो दिया था क्योंकि उसकी ऊर्जा का स्तर बहुत अधिक था। उसे अपने आप में और अन्य लोगों के साथ अपने संबंधों में एक नया आत्म-विश्वास महसूस हुआ। वह विशेष रूप से आनंदित महसूस कर रही थी। प्रारंभ में वैशाली ने इन भावनाओं का स्वागत किया क्योंकि पहले वह बहुत आलसी थी और लोगों के साथ घुलती-मिलती नहीं थी। जल्द ही उसे एहसास हुआ कि उसकी भावदशा लगातार बदलती रहती है। नवीन और रोमांचक गतिविधियों में स्वयं को पूरी तरह लिप्त दिखाने का उल्लास और उत्साह जल्द ही खत्म हो जाएगा। अब वह अपने व्यवहार में बिल्कुल सामान्य रहने लगी। उसने ईमानदारी से फिर से काम शुरू किया और शांत दिखने लगी।

**31.** वैशाली जिस विकार से ग्रस्त है, उसका नाम व एक विशिष्ट विशेषता बताइए। *1*

**32.** 'जब वह कॉलेज में थी तब कई महीनों तक वह अवसाद के लिए मनश्चिकित्सा लेती रही थी।'
अवसाद के इस दौर में उसे किन लक्षणों का अनुभव हुआ होगा ? *2*

## SECTION F
### Case Study-1

*Read the case study given below and answer the questions **(Q. 31 and 32)** that follow :*

Vaishali was admitted to a hospital in the midst of a manic episode. She had been in psychotherapy for depression for several months while she was in college. She found a job in an advertising office of a local newspaper, where she had been working for a year. Vaishali's manic episode could be traced to experiences that began three or four months prior to her admission to the hospital. She had been feeling unusually good for several weeks. At first, she didn't think anything was wrong. In fact, her impression was quite the opposite. Everything seemed to be going right for her, except her job. She had lost all focus from her work as her energy level was extremely high. She felt a renewed confidence in herself and her relationships with other people. She was feeling particularly exhilarated. Vaishali initially welcomed these feelings, especially because she had been so lethargic and also tended to be reserved with people. Soon she realised that her moods shifted constantly. The enthusiasm of gleefully throwing herself into new and exciting activities, would soon be over. Now she started being quite normal in her behaviour. She resumed work sincerely and appeared calm.

**31.** Name and state a characteristic feature of the disorder that Vaishali is experiencing. *1*

**32.** 'She had been in psychotherapy for depression for several months while she was in college.' What are the symptoms that she may have experienced during this phase of depression ? *2*

## व्यक्ति अध्ययन-2

*निम्नलिखित व्यक्ति अध्ययन पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों **(प्र. 33 व 34)** के उत्तर दीजिए:*

दक्षिण भारतीय राज्य केरल में होने वाली वार्षिक सर्पाकार नौका-दौड़ अपने परिमाण और लोकप्रियता के कारण एक अद्वितीय क्रीड़ा-चमत्कार है । प्रत्येक टीम में कई खिलाड़ी होते हैं । नौका-दौड़ प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ी सप्ताहों तक अभ्यास करते हैं। कार्यक्रम के दिन वे ढोल की उन्मादी थापों के साथ पूर्ण सामंजस्य करते हुए अपने नाविकों को लाते हैं। नौका-दौड़ के दौरान दर्शकों के उग्र हो जाने से जैसे हवा के बीच बूँदाबाँदी की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जो नाव आगे बढ़ती है, वह दुनिया में किसी भी जल-क्रीड़ा में भाग लेने वाली सबसे बड़ी नावों में से एक है।

जब नौकायन जैसे कार्य की बात आती है तो क्या हर कोई (प्रतिभागी) अपने हिस्से का कार्य करता है ? जब किसी कार्य को पूरा करने के लिए कई लोग मिलकर एक साथ काम करते हैं तो संभावना है कि हर कोई समान मात्रा में प्रयास नहीं करेगा। कुछ लोग बहुत कड़ी मेहनत करेंगे, अन्य कम मेहनत करेंगे और कुछ कड़ी मेहनत करने का दिखावा करते हुए कुछ भी नहीं करेंगे ! यह तरीका उन स्थितियों में सामान्य है जहाँ वे समूह में कार्य करते हैं, जिन्हें योगज कार्यों के रूप में जाना जाता है, जिनमें प्रत्येक सदस्य के योगदान को एक एकल समूह उत्पाद (आउटपुट) के रूप में संयोजित किया जाता है। कुछ लोग जितना संभव हो सके, उतना परिश्रम कर योगदान देंगे, जबकि कुछ लोग यथासंभव मेहनत करने का दिखावा करेंगे लेकिन वास्तविकता में वे ऐसा नहीं कर रहे होते हैं । सामाजिक मनोवैज्ञानिक इस तथ्य का अध्ययन करने में रुचि रखते हैं।

**33.** 'सामाजिक मनोवैज्ञानिक इस तथ्य का अध्ययन करने में रुचि रखते हैं ।' यहाँ किस तथ्य की बात हो रही है ? इस तथ्य की एक विशिष्ट विशेषता बताइए। *1*

**34.** क्या यह तथ्य अभ्यास के दिनों में अधिक घटित होगा या अंतिम दौड़ के दिन ? अपने उत्तर का कारण बताइए। *2*

**Case Study-2**

*Read the case study given below and answer the questions* ***(Q. 33 and 34)*** *that follow :*

The annual snake boat race in the southern Indian State of Kerala is a unique sporting spectacle because of its scale and popularity. Each team has many players. The participants practice for weeks before the race. On the day of the event, they bring down their oars in perfect harmony with frenzied beats of drums, creating a drizzle in mid-air as spectators go wild during the race. The boat that springs forward is one of the biggest in a water sport anywhere in the world.

When it comes to a task like rowing, does everyone perform their share of the work ? When several people work together to accomplish a task, it is probable that everyone will not exert the same amount of effort. Some will work very hard, others will do less, and perhaps a few will do nothing at all, while pretending to work hard! This pattern is quite common in situations where groups perform what are known as additive tasks — ones in which the contributions of each member are combined into a single group output. Some will contribute by taking on as much of the load as they can, while some will pretend to be working as hard as they can when, in fact, they are not. Social psychologists are interested in studying this phenomenon.

**33.** 'Social psychologists are interested in studying this phenomenon.' Which phenomenon is being talked about here ? State a characteristic feature of this phenomenon. *1*

**34.** Will this phenomenon occur more on practice days or on the day of the final race ? Give reasons for your answer. *2*